| |
|---|
| दिनांक 17.09.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 19/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद अलीगढ़/थाना अतरौली

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 17.09.2023 को थाना अतरौली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त रिंकू को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद अलीगढ़ व हरियाणा प्रान्त के विभिन्न थानो में विद्युत अधिनियम के 68 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना अतरौली पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना अतरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रिंकू निवासी राजमार्गपुर थाना अतरौली जनपद अलीगढ़।

## कमिश्नरेट लखनऊ/थाना हसनगंज

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटे गये 02 लाख 05 हजार रूपये नगद**
- **06 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **03 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 17.09.2023 को थाना हसनगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अग्रसेन मन्दिर के पास से 06 अभियुक्तों 1–राजीव 2– दीपक

उर्फ अभिषेक 3–श्यामू 4–नवीन 5–जितेन्द्र कुमार 6–अरूण उर्फ अर्जुन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये 02 लाख 05 हजार रूपये नगद, 06 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, 03 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 13.09.2023 को थाना हसनगंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना हसनगंज पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त राजीव शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना हसनगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राजीव निवासी गौर भीट चौराहा फैजुल्लागंज थाना मड़ियांव कमिश्नरेट लखनऊ, स्थाई पता अल्लापुर थाना जॉर्जटाउन कमिश्नरेट प्रयागराज।

2–दीपक उर्फ अभिषेक निवासी प्रीति नगर अन्ना मार्केट थाना मड़ियांव कमिश्नरेट लखनऊ, स्थाई पता ग्राम अमानीगंज थाना इटौंजा कमिश्नरेट लखनऊ।

3–श्यामू निवासी रंजीतपुरा सौनहरा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी।

4–नवीन निवासी तांड़ खेडा थाना अतरौली जनपद हरदोई, हालपता गायत्रीनगर तृतीय सीतापुर रोड़ थाना मड़ियांव कमिश्नरेट लखनऊ।

5–जितेन्द्र कुमार निवासी प्रीति नगर डुडौली थाना मड़ियांव कमिश्नरेट लखनऊ, स्थाई पता अहेवा थाना अटरिया जनपद सीतापुर।

6–अरूण उर्फ अर्जुन निवासी अहिवरनपुर थाना अलीगंज कमिश्नरेट लखनऊ, स्थाई पता पिंक सिटी जानकीपुरम विस्तार थाना जनकीपुरम कमिश्नरेट लखनऊ।

**बरामदगी**

1—लूटे गये 02 लाख 05 हजार रूपये नगद।

2—06 मोबाइल फोन।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

4—03 मोटर साइकिल।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना खन्दौली

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 67 हजार 500 रूपये नगद**
- **लूट का 01 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त वाहन आदि बरामद**

दिनांक 17.09.2023 को थाना खन्दौली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नादऊ की तरफ से खन्दौली मार्ग पर चेकिंग के दौरान 04 अभियुक्तों 1—शिवम 2—परूषराम 3—सुखराम 4—अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 67 हजार 500 रूपये नगद, लूट का 01 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 16.09.2023 को थाना खन्दौली क्षेत्रान्तर्गत बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना खन्दौली पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, मोबाइल फोन उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना खन्दौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—शिवम निवासी पूरे अजवी ऐहार थाना लालगंज जनपद रायबरेली।

2—परूषराम निवासी धगैटा थाना बल्देव जनपद मथुरा।

3–सुखराम निवासी पूरे अजवी ऐहार थाना लालगंज जनपद रायबरेली।

4–अभियुक्ता।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लूट के 67 हजार 500 रूपये नगद।

2–लूट का 01 मोबाइल फोन।

3–घटना में प्रयुक्त वाहन आदि।

**<u>कमिश्नरेट आगरा/थाना अछनेरा</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 47 हजार रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 16.09.2023 को थाना अछनेरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर व्यारा चौकी के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त मनीष घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एंव तुरकिया नहर के पास से अभियुक्त भोला को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 47 हजार रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 12.09.2023 को थाना अछनेरा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना अछनेरा पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना अछनेरा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मनीष निवासी चकदौलतपुर थाना चिकसाना जनपद भरतपुर राजस्थान।

2—भोला निवासी चकदौलतपुर थाना चिकसाना जनपद भरतपुर राजस्थान।

**बरामदगी**

1—लूट के 47 हजार रूपये नगद।

2—02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस।

3—01 मोटर साइकिल आदि।

**जनपद शाहजहाँपुर/थाना कोतवाली चौक**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के सोने के आभूषण**
- **2300 रूपये नगद, 04 मोबाइल फोन**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **02 मोटर साइकिल, 02 फर्जी नम्बर प्लेट आदि बरामद**

दिनांक 16.09.2023 को थाना कोतवाली चौक व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ककरहा पुल के पास चेकिंग के दौरान पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्तों 1—रेहान उर्फ छंगा 2—सैय्यद मुशर्रफ उर्फ अमन 3—कासिफ अली 4—सिरोज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के सोने के आभूषण, 2300 रूपये नगद, 04 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 02 मोटर साइकिल, 02 फर्जी नम्बर प्लेट आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि 08.09.2023 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना का अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि लूट की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर

किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त सैय्यद मुशर्रफ उर्फ अमन के विरूद्ध जनपद बरेली, शाहजहाँपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 14 अभियोग एंव अभियुक्त सिरोज के विरूद्ध जनपद शाहजहाँपुर, बरेली के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—रेहान उर्फ छंगा निवासी मोहल्ला मिर्धान थाना फरीदपुर जनपद बरेली।

2—सैय्यद मुशर्रफ उर्फ अमन निवासी मोहल्ला मिर्धान नगरिया बकेना रोड थाना फरीदपुर जनपद बरेली।

3—कासिफ अली निवासी मोहल्ला मिर्धान थाना फरीदपुर जनपद बरेली।

4—सिरोज निवासी ग्राम सेमलखेडा अमर उजाला प्रेस थाना बारादरी जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1—लूट के सोने के आभूषण।

2—2300 रूपये नगद, 04 मोबाइल फोन।

3—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4—02 मोटर साइकिल, 02 फर्जी नम्बर प्लेट आदि।

## जनपद औरैया/थाना अजीतमल

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 14 हजार 500 रूपये नगद**
- **चोरी के चाँदी के आभूषण**
- **02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 17.09.2023 को थाना अजीतमल पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर प्रतापपुर ओवर ब्रिज के पास से 03 अभियुक्तों 1— नफीस 2— दीपू 3— शिवकुमार को

गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 14 हजार 500 रूपये नगद, चोरी के चाँदी के आभूषण, 02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 11.09.2023 को थाना अजीतमल क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना अजीतमल पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त नफीस के विरूद्ध थाना अजीतमल पर चोरी, गुण्डा एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 04 अभियोग एवं अभियुक्त दीपू के विरूद्ध जनपद औरैया के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, गुण्डा एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना अजीतमल पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–नफीस निवासी इस्लामनगर बाबरपुर थाना अजीतमल जनपद औरैया।

2–दीपू निवासी मण्डी गली नं0–6 थाना फ्रेन्डस कॉलोनी जनपद इटावा।

3–शिवकुमार निवासी शिवाजी नगर बाबरपुर थाना अजीतमल जनपद औरैया।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी के 14 हजार 500 रूपये नगद।

2–चोरी के चाँदी के आभूषण।

3–02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस।

## <u>जनपद अमरोहा/थाना रजबपुर</u>

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट/चोरी के 11 दो पहिया वाहन बरामद**

दिनांक 16/17.09.2023 की रात्रि थाना रजबपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जगुवा अण्डरपास के पास से 02 अभियुक्तों

1–संतोष कुमार उर्फ रवि 2–अमन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट/चोरी के 11 दो पहिया वाहन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना रजबपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–संतोष कुमार उर्फ रवि निवासी सिराथू थाना सैनी जनपद कौशाम्बी।

2–अमन निवासी महम्मदी सराय थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा।

**बरामदगी**

1–लूट/चोरी के 11 दो पहिया वाहन।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना मलपुरा

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 07 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 51 किलो 140 ग्राम अवैध गांजा**
- **01 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 17.09.2023 को थाना मलपुरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जखौदा पुल के पास से अभियुक्त दीपक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 07 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 51 किलो 140 ग्राम अवैध गांजा, 01 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना मलपुरा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–दीपक निवासी लुखटिया थाना इगलास जनपद अलीगढ़।

**बरामदगी**

1–लगभग 07 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 51 किलो 140 ग्राम अवैध गांजा।

2–01 मोबाइल फोन आदि।

––––––